# संबंध (Relationships)

सम्बन्ध आधारित प्रश्नों में दिए गए तथ्यों के आधार पर दो व्यक्तियों का परस्पर संबंध (Relation) पूछा जाता है। इन प्रश्नों को हल करने के लिए प्रतियोगी को मानव जाति के रिश्तों का ज्ञान होना आवश्यक है। माता, पिता, भाई, बहन, इत्यादि सीधे रिश्ते हैं अर्थात ये एक ही परिवार के अंग हैं तथा लगभग सभी व्यक्तियों को इनकी जानकारी होती है।

मानव जाति में कुछ अन्य रिश्ते निम्न हो सकते हैं–

मामा = माता जी के भाई

मामी = मामा की पत्नी

दादा = पिता के पिता

दादी = पिता की माता

चाचा = पिता के भाई

चाची = चाचा की पत्नी

नाना = माता के पिता

नानी = माता की माता

भाई = माता या पिता का पुत्र

जीजा = बहन का पति

श्वसुर = पत्नी के पिता या पति के पिता

सास = पत्नी की माता या पति की माता

बुआ = पिताजी की बहन

फूफा = बुआ के पति या पिता के जीजा

साला = पत्नी का भाई

साली = पत्नी की बहन

देवर = पति का भाई

संबंध आधारित प्रश्नों में प्रायः उपर्युक्त शब्दावलियों का ही प्रयोग किया जाता है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि संबंध प्रायः एक-दूसरे से संबद्ध होते हैं जैसे आपके पिता आपके पुत्र के दादा होंगे। किसी व्यक्ति के साथ आपका जो रिश्ता होगा लगभग वही रिश्ता उस व्यक्ति के साथ आपके भाई या बहन का भी होगा।

नोट- पूर्व परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि लगभग सभी परीक्षाओं में रक्त संबंध परीक्षण के खंड से 2 से 3 प्रश्न अवश्य ही पूछे जाते हैं। सामान्यतः देखा गया है कि परीक्षार्थी या तो इन प्रश्नों को छोड़ देता है या इनमें गलती कर देता है। इन प्रश्नों को हल करने का मूल मंत्र बस इतना सा है कि इन्हें खुद से जोड़ कर हल करने का प्रयास करें।

## ❑ देखें रिश्ता संबंधी एक प्रश्न

**प्रश्न**–एक महिला का परिचय कराते हुए एक पुरुष बोला, ''उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है।'' उस पुरुष का उस महिला से क्या संबंध है?

**हल**–जैसा कि उपर्युक्त प्रश्न से स्पष्ट है कि रिश्ता संबंधी प्रश्न थोड़ा घुमा कर पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों में दिये गये तथ्यों को कई भागों में तोड़कर उत्तर शीघ्रता से प्राप्त किया जा सकता है–


उपर्युक्त प्रश्न में तथ्य है–

''उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है।''

सर्वप्रथम तथ्य के दूसरे भाग 'सास की इकलौती पुत्री' को लें। पुरुष की सास का अर्थ है उसकी पत्नी की मां। इस मां की इकलौती पुत्री का अर्थ है पुरुष की पत्नी।


अब तथ्य के प्रथम भाग को लें–''उसकी माता'' इसका अर्थ है पुरुष की पत्नी परिचय कराई जाने वाली महिला की माता है। अपनी पत्नी की पुत्री पुरुष की भी पुत्री होगी। अतः स्पष्ट है कि पुरुष एवं महिला का संबंध पिता-पुत्री का है।

निम्न चित्र से पुरुष एवं महिला का संबंध स्पष्ट है–




**एक अन्य उदाहरण**

अपने पुत्र के चित्र की ओर इशारा करके पुरुष महिला से बोला, ''उसकी मां तुम्हारी मां की इकलौती पुत्री है।'' महिला एवं पुरुष में क्या संबंध है?




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि पुरुष एवं महिला में पति-पत्नी का संबंध है।

## ❑ कैसे?

इस प्रश्न में वर्णित तथ्य के भी दो भाग हैं–

उसकी मां, तुम्हारी माँ की इकलौती पुत्री है।

अपनी मां की इकलौती पुत्री वह स्वयं ही होगी।

**संबंध स्पष्ट है**–पुरुष चित्र में दिखाए गए बालक का पिता तथा महिला बालक की मां है।


अर्थात पुरुष तथा महिला के मध्य पति-पत्नी का सम्बन्ध है।

# परीक्षोपयोगी प्रश्न

**1. फोटोग्राफ की ओर इशारा करते हुए सुरेश ने कहा, 'यह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र की इकलौती पुत्री है।' फोटोग्राफ में दर्शाई गई महिला का सुरेश से क्या संबंध है?**

(a) बहन (b) माता
(c) भतीजी (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (a)**





'यह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र की इकलौती पुत्री है।'
अर्थात महिला सुरेश के दादा के इकलौते पुत्र की इकलौती पुत्री है।
अर्थात महिला सुरेश के पिता की इकलौती पुत्री है।
अर्थात महिला सुरेश की बहन है।

**2. किसी फोटोग्राफी की ओर इंगित करते हुए एक व्यक्ति अपने मित्र को बताता है, 'वह मेरे पिता के बड़े भाई की पौत्री है।' फोटोग्राफ में दर्शित वह लड़की इस व्यक्ति से क्या संबंध रखती है?**

(a) चाची (b) साली
(c) भतीजी (d) बहन

**उत्तर (c)**

व्यक्ति के पिता के बड़े भाई की पौत्री व्यक्ति की रिश्ते में भतीजी होगी।
अर्थात




**3. एक तस्वीर की तरफ इशारा करती हुई लता कहती है, 'वह मेरे दादा के इकलौते पुत्र का पुत्र है।' तस्वीर वाले व्यक्ति का लता से क्या संबंध है?**

(a) भाई (b) चाचा
(c) चचेरा (d) आंकड़े अपर्याप्त हैं


**उत्तर (a)**

∵ लता के दादा का इकलौते पुत्र अर्थात लता का पिता, इसलिए लता के पिता का पुत्र अर्थात लता का भाई है।
अतः तस्वीर वाले व्यक्ति का लता से भाई का संबंध है।

**4. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए बाजपेयी कहता है, 'वह मेरे भाई के पिता की इकलौती पुत्री का पुत्र है।' बाजपेयी का तस्वीर वाले व्यक्ति से क्या संबंध है?**

(a) भतीजा/भांजा (b) भाई
(c) पिता (d) माता

**उत्तर (a)**




चित्र से स्पष्ट है कि पिता की इकलौती पुत्री यानि B (बाजपेयी) की बहन और बहन का पुत्र अर्थात वह तस्वीर बाजपेयी के भांजे की है।

**5. विजय की फोटो की तरफ इशारा करते हुए हरि ने कहा 'उसकी बहन के पिता मेरी पत्नी की मां के पति हैं।' हरि का विजय से संबंध बताइए?**

(a) भाई (b) साला/जीजा
(c) चाचा (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (b)**


प्रश्नानुसार
हरि ने कहा विजय की बहन का पिता अर्थात विजय का पिता, हरि की पत्नी की मां के पति अर्थात हरि के ससुर हैं।
∴ हरि, विजय का जीजा होगा।

**6. एक फोटोग्राफ में किसी पुरुष की ओर इंगित करते हुए एक महिला कहती है, 'उसके भाई के पिताजी मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र हैं।' वह महिला फोटोग्राफ के पुरुष से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) माता (b) चाची
(c) बहन (d) पुत्री

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर





चित्र से स्पष्ट है कि फोटोग्राफ का पुरुष उस महिला का भाई है एवं वह महिला उस पुरुष की बहन है।

**7. एक छायाचित्र में एक लड़की की ओर इशारा करते हुए, अमर ने कहा 'उसकी माता का भाई मेरी माता के पिता का इकलौता पुत्र है।' उस लड़की का अमर से क्या संबंध है?**


(a) माता (b) बहन

(c) पुत्री (d) भतीजी

**उत्तर (b)**




अथवा





चित्र से स्पष्ट है कि लड़की, अमर की बहन होगी।

**8. युवती की ओर दिखाते हुए एक पुरुष ने कहा, 'इनके इकलौते भाई का पुत्र, मेरी पत्नी का भाई है।' वह युवती इस पुरुष से कैसे संबंधित है?**

(a) माता जी की बहन (b) दादी

(c) सास (d) ससुर की बहन

**उत्तर (d)**





चित्र से स्पष्ट है कि वह युवती उस पुरुष के ससुर की बहन होगी।

**9. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए, अरुण ने कहा, 'वह मेरे बेटे की पत्नी की बेटी की मां है।' अरुण का उस महिला से क्या रिश्ता है?**

(a) चाचा (b) चचेरा

(c) ससुर (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (c)**





इस प्रकार अरुण उस फोटो वाली महिला का ससुर है।

**10. एक लड़की ने, एक लड़के का परिचय कराते हुए कहा कि, 'यह मेरे चाचा के पिताजी के पुत्री का बेटा है।' लड़के का लड़की से क्या संबंध है?**

(a) भाई (b) भतीजा

(c) चाचा (d) दामाद

**उत्तर (a)**





लड़का, लड़की का फुफेरा भाई होगा।

**11. एक लड़के के चित्र की ओर इशारा करते हुए सुरेश ने कहा, 'वह मेरी माता के इकलौते पुत्र का पुत्र है।' सुरेश का उस लड़के से क्या संबंध है?**

(a) भाई (b) चाचा

(c) चचेरा भाई (d) पिता

**उत्तर (d)**





चित्र से स्पष्ट है कि लड़का, सुरेश का पुत्र है। इसलिए सुरेश उस लड़के का पिता है।

**12. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए सुबोध ने कहा कि 'वह मेरी माता के इकलौते भाई की पुत्री है।' सुबोध का उस लड़की से क्या संबंध है?**

(a) मामा (b) भाई
(c) चचेरा भाई (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (d)**





सुबोध की माता के इकलौते भाई की पुत्री अर्थात सुबोध के मामा की पुत्री।

∴ सुबोध, लड़की का फुफेरा भाई है।

**13. एक महिला की ओर इशारा करते हुए अभिजीत ने कहा, 'उसकी पोती मेरे भाई की इकलौती पुत्री है।' महिला का अभिजीत से क्या संबंध है?**

(a) बहन (b) दादी
(c) सास (d) मां

**उत्तर (d)**





अतः चित्र से स्पष्ट है कि महिला अभिजीत की मां है।

**14. एक बालिका की ओर इशारा करते हुए, शिक्षक ने कहा 'वह मेरी पत्नी के ससुर की पत्नी के इकलौते पुत्र की इकलौती पुत्री है।' उस लड़की का शिक्षक से क्या संबंध है?**

(a) भतीजी (b) पुत्री
(c) बहन (d) कोई नहीं

**उत्तर (b)**





चित्र से स्पष्ट है कि वह लड़की शिक्षक की पुत्री है।

**15. लक्ष्मी और मीना, रोहन की पत्नियां हैं। शालिनी मीना की सौतेली बेटी है। लक्ष्मी का शालिनी से क्या संबंध है?**

(a) बहन (b) सास
(c) मां (d) सौतेली-मां

**उत्तर (c)**





चित्र से स्पष्ट है कि शालिनी मीना की सौतेली बेटी है अर्थात लक्ष्मी शालिनी की असली मां है।

**16. एक लड़की का परिचय देते हुए विपिन ने कहा 'उसकी माता मेरी सास की इकलौती बेटी है।' विपिन का लड़की से क्या संबंध है?**

(a) पिता (b) भाई
(c) पति (d) चाचा

**उत्तर (a)**





अतः उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि विपिन, लड़की का पिता है। विपिन के सास की इकलौती बेटी विपिन की पत्नी ही हुई और वह लड़की विपिन की अपनी बेटी हुई। अर्थात विपिन का उस लड़की से पिता का संबंध है।

**17. एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए, एक आदमी ने एक औरत से कहा, 'उसकी मां आपके पिता की इकलौती पुत्री है', उस औरत का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?**

(a) बहन (b) माता
(c) पुत्री (d) पत्नी

**उत्तर (b)**





प्रश्नानुसार, औरत के पिता की इकलौती पुत्री है। अतः औरत ही व्यक्ति की मां है, अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर है।

**18. एक चित्र की ओर इशारा करते हुए एक महिला कहती है कि 'वह चित्र उसके पिता के इकलौते पुत्र की दादीजी की बहू का है।' महिला की चित्र वाली महिला कौन है?**

(a) मां (b) दादी

(c) बुआ (d) भाभी

**उत्तर (a)**




महिला के पिता का इकलौता पुत्र = महिला का भाई

पुत्र की दादीजी = महिला की दादीजी

दादीजी की बहू = महिला की मां


इस प्रकार चित्र वाली औरत महिला की मां है।

**19.** एक औरत की तरफ इशारा करते हुए, एक आदमी ने कहा, ''यह मेरे पिता की बेटी की बेटी की मां है।'' वह आदमी उस औरत से किस तरह संबंधित है?

(a) पुत्र (b) पिता

(c) भाई (d) दादा

**उत्तर–(c)**




'यह मेरे पिता की बेटी की बेटी की मां है।'

अर्थात औरत आदमी के पिता की बेटी की बेटी की मां है।

अर्थात औरत आदमी के भांजी की मां है।

अर्थात औरत आदमी की बहन है।

अर्थात आदमी औरत का भाई है।

**20. एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक लड़की ने कहा, 'वह मेरे पिता के पुत्र की दादी की इकलौती बहू है।' वह महिला उस लड़की की क्या लगती है?**

(a) मां (Mother)

(b) चाची (Aunt)

(c) सास (Mother-in-law)

(d) साली (Sister-in-law)

**उत्तर (a)**


प्रश्नानुसार, लड़की के पिता के पुत्र अर्थात मेरे भाई की दादी की इकलौती बहू अर्थात मेरे भाई की मां होगी। इसलिए वह महिला मेरी अर्थात लड़की की मां होगी।

**21. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए, अभिषेक ने कहा कि, 'यह लड़की मेरे पिता के इकलौती संतान की पुत्री है', तो अभिषेक की पत्नी का उस लड़की से क्या संबंध है?**

(a) पुत्री (b) माता

(c) चाची (d) बहन

**उत्तर (b)**





अभिषेक के पिता के इकलौता पुत्र अर्थात अभिषेक एवं अभिषेक की पुत्री वह लड़की एवं अभिषेक की पत्नी, उस लड़की की माता होगी।

**22. एक वृद्ध व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कुणाल ने कहा ''उसका पुत्र मेरे पुत्र का चाचा है।' वह वृद्ध व्यक्ति कुणाल का .......है।**

(a) भाई (b) पिता

(c) चाचा (d) दादा

**उत्तर (b)**




इस प्रकार वह वृद्ध व्यक्ति, कुणाल का पिता है।

**23. एक आदमी का परिचय देते हुए एक महिला ने कहा, 'उसकी पत्नी मेरे पिता की इकलौती बेटी है।' बताएं कि आदमी का महिला से क्या रिश्ता है?**

(a) भाई (b) ससुर

(c) पति (d) मामा

**उत्तर (c)**


महिला के पिता की इकलौती पुत्री अर्थात वह महिला स्वयं उस आदमी की पत्नी होगी तथा वह आदमी उसका पति होगा।

**24. जब राहुल ने विजय को देखा, तो उसने कहा 'विजय मेरी पुत्री की माता के पिता का पुत्र है।' राहुल का विजय से क्या संबंध है?**

(a) भाई (b) दामाद

(c) साला (d) चाचा

**उत्तर (c)**





चित्र से स्पष्ट है कि राहुल एवं विजय में जीजा-साला का संबंध है।

**25. यदि X, Y के पुत्र के पुत्र का भाई है, तो X का Y से क्या संबंध है?**

(a) पुत्र (b) पोता

(c) भाई (d) चाचा

**उत्तर (b)**





चित्र से स्पष्ट है कि Y, X का दादा होगा एवं X, Y का पोता।

**26. E, A का बेटा है। D, B का बेटा है। E का विवाह C से हुआ है। C, B की बेटी है। बताएं कि D का E से क्या रिश्ता है?**

(a) भाई (b) चाचा (अंकल)

(c) ससुर (d) बहनोई/साला

**उत्तर (d)**




चित्र से स्पष्ट है कि D एवं E के बीच साला एवं बहनोई का रिश्ता है।


**27. A, X का पिता है, B, Y की मां है। Y, X और Z की बहन है। निम्न में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सही नहीं है-**

(a) B, Z की मां है (b) X, Z की बहन है

(c) Y, A का बेटा है (d) B की एक बेटी है

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार




विकल्प (a) से

B, Y की मां है। अतः चित्र से B, Z की मां होगी।

विकल्प (b) से

X के बारे में प्रश्न से स्पष्ट नहीं हो रहा है पुरुष है अथवा महिला अतः X, Z की बहन अथवा भाई हो सकता है।

विकल्प (c) से

∵ Y, X एवं Z की बहन है। अतः निश्चित रूप से Y, A का बेटा नहीं बल्कि बेटी होगी।


अतः विकल्प (c) निश्चित रूप से सही नहीं है।

**28. A, C का पिता है। D, B का बेटा है। E, A का भाई है। यदि C, D की बहन है, तो B का E से क्या रिश्ता है-**

(a) बेटी (b) देवर (Brother-in-law)

(c) पति (d) भाभी (Sister-in-law)

**उत्तर (d)**





चित्र से स्पष्ट है कि B, E की भाभी है।

**29. यदि (i) M, N का भाई है, (ii) B, N का भाई है और (iii) M, D का भाई है, तो निम्न कथनों में से कौन-सा सुनिश्चित तौर पर सही है?**

(a) D, M का भाई है (b) N, B का भाई है

(c) N, D का भाई है (d) M, B का भाई है

**उत्तर (d)**




चित्र से स्पष्ट है कि M, B का भाई है क्योंकि M और B दोनों N के भाई हैं। N एवं D का लिंग स्पष्ट न होने के कारण किसी भी व्यक्ति से उनका संबंध नहीं बताया जा सकता है।

30. **यदि B का भाई D, तो B, C से किस प्रकार संबंधित है? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन-सा/से कथन आवश्यक है/हैं?**


**(i) D का पुत्र C का पोता है।**

**(ii) D की बहन B है।**

(a) केवल (i) (b) केवल (ii)

(c) या तो (i) या फिर (ii) (d) (i) और (ii)

**उत्तर (d)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि B का C से संबंध ज्ञात करने के लिए हमें दोनों कथनों की आवश्यकता पड़ेगी।

31. **A का भाई B है, जिसकी इकलौती बहन C जो है वह D की माता है, E जो है वह D की नानी है। B का E से क्या संबंध है?**


(a) पुत्रवधू (b) पुत्री

(c) पुत्र (d) भतीजा, भांजा

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार

चित्र बनाने पर




A का भाई B है जिसकी इकलौती बहन C है।

C, D की माता है तथा E, D की नानी अर्थात E, C की माता होगी।

यानी B, E का पुत्र होगा क्योंकि B और C भाई-बहन हैं।

32. **'B', 'D' की मां है और 'C', 'D' की बेटी है। 'H', 'E' की बेटी है और 'E' की पत्नी है 'D'। 'C' और 'E' कैसे संबंधित हैं?**


(a) 'E', 'C' का पिता है

(b) 'E', 'C' का जीजाजी है

(c) 'E', 'C' का चाचा है

(d) 'E', 'C' का चचेरा भाई है

**उत्तर (a)**




चूंकि C, D की पुत्री है तथा D, E की पत्नी है, अतः स्पष्ट है कि E, C का पिता होगा।

33. **'M' बहन है 'K' की। 'D' भाई है 'K' का। 'F' माता है 'M' की, तो कैसे 'K' संबंधित है 'F' से?**


(a) पुत्र

(b) पुत्री

(c) पुत्र या पुत्री

(d) आंकड़ा अपर्याप्त है

**उत्तर (c)**





उपर्युक्त चित्र में K का लिंग स्पष्ट नहीं है। अतः K पुत्र या पुत्री होगी। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

34. **यदि A माता है B और C की तथा D पति है C का, तो A का D से क्या संबंध है?**

(a) माता (b) जमाई

(c) सास (d) मौसी

**उत्तर (c)**





चित्र से स्पष्ट है कि C, D की पत्नी है और A, C की मां है अर्थात वह D की सास होगी।

35. **A और B, Z के बच्चे हैं। Z पिता है A का, लेकिन A पुत्र नहीं है Z का। Z तथा A के बीच का संबंध है?**

(a) भाई (b) भतीजी

(c) बेटी (d) भतीजा

**उत्तर (c)**





चित्र से स्पष्ट है कि A और B, Z के बच्चे हैं और A पुत्र नहीं है Z का अर्थात वह Z की पुत्री होगी। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

36. **R, D का भाई है, Q, R की बहन है, A, F का भाई है, F, D की पुत्री है, M, Q के पिता हैं, तो A के चाचा कौन हैं?**

(a) A (b) R

(c) F (d) M

उत्तर (b)




चित्र देखने से स्पष्ट है कि A का चाचा R है।


**37. E का पुत्र A है, B का पुत्र D है, A का विवाह F के साथ हुआ है। B की पुत्री F है। D का A के साथ संबंध है?**

(a) भाई (b) साला

(c) ससुर (d) चाचा

(e) पति

उत्तर (b)





चित्रानुसार स्पष्ट है कि D, A का साला होगा।

**38. A व B बहनें हैं, C, A का भाई है, D, E का भाई है, E, B की बेटी है। D की मौसी कौन है?**

(a) E (b) C

(c) A (d) B

उत्तर (c)





चित्रानुसार स्पष्ट है कि A, D की मौसी होगी।

**39. A तथा B भाई हैं, C तथा D बहनें हैं, A का पुत्र D का भाई है, तो B किस प्रकार D से संबंधित है?**

(a) पिता (b) भाई

(c) दादा (d) चाचा

उत्तर (d)




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि B, D का चाचा (uncle) है।

A तथा B भाई हैं।

C तथा D बहनें हैं, A का पुत्र D का भाई है।

∴ A, D का पिता है।


∴ B चाचा है D का।

**40. A का भाई F है, A की लड़की C है, F की बहन K है और C का भाई J है, तो J का चाचा कौन है?**

(a) F (b) C

(c) K (d) A

उत्तर (a)




∴ उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि J का पिता A है तथा F का भाई A है।


∴ J का चाचा F है।

**41. B का भाई A है, A की मां C है, D की पोती B है, A का पुत्र F है, तो बताइए F का D से क्या संबंध है?**

(a) पोता (b) भतीजा

(c) चाचा (d) परपोता

उत्तर (d)




चूंकि B तथा A आपस में बहन-भाई हैं तथा A का पुत्र F है, जो कि B का भतीजा हुआ।

प्रश्नानुसार


B, D की पोती है, अतः F, D का परपोता होगा।

42. **यदि A, B की बहन है, C, B की मां है, D, C के पिता हैं, E, D की मां हो, तो बताएं कि A का D से क्या रिश्ता है?**

(a) दादी/नानी (b) दादा/नाना

(c) बेटी (d) पोती/नातिन

**उत्तर (d)**




चित्र से स्पष्ट है कि D, A का नाना है। अतः A का D से पोती/नातिन का संबंध है।


43. **B, P का पति है। Q, E का अकेला पोता है, जो D की पत्नी और P की सास है। B का D से रिश्ता क्या है?**

(a) भतीजा (b) कजिन (Cousin)

(c) दामाद (d) बेटा

**उत्तर (d)**

प्रश्नानुसार




∵ P का पति B है

∴ D, P का ससुर होगा।

∴ D, B का पिता होगा।


अतः B का D से बेटे का रिश्ता है।

44. **B बहन है R की। M भाई है R का। D माता है R की। H पति है D का। H के कितने बच्चे हैं?**

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) दी गई जानकारी अपर्याप्त है।

**उत्तर (b)**




चित्र से स्पष्ट है कि H के 3 बच्चे हैं।

45. **यदि Y के बेटे के बेटे का भाई X हो, तो बताएं कि X का Y से रिश्ता क्या है?**

(a) भाई (b) कजिन

(c) पौत्र (d) बेटा

**उत्तर (c)**

Y का बेटा एवं उसके बेटे का Y से संबंध दादा/पोते का होगा। इसी प्रकार उसका भाई X भी Y का पौत्र होगा।

46. **B का भाई A है। D का पिता C है। B की माता E है। A और D भाई हैं। E का C से क्या संबंध है?**


(a) बहन (Sister)

(b) भाभी, साली (Sister-in-law)

(c) भतीजी, भांजी (Niece)

(d) पत्नी (Wife)

**उत्तर (d)**




चूंकि C, D का पिता है तथा A और D, B के भाई हैं।

प्रश्नानुसार

E, B की माता है। अतः वह A तथा D की भी माता होगी तथा C की पत्नी होगी। चित्र देखने से स्पष्ट है कि E का C से पत्नी का संबंध है।

47. **A और B एक विवाहित जोड़ा है। X और Y भाई हैं। A का भाई X है। बताएं कि Y का B से क्या रिश्ता है?**


(a) बहनोई/साला/देवर (Brother-in-Law)

(b) भाई

(c) कजिन (Cousin)

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—(a)**




चित्र से स्पष्ट है कि विकल्प (a) सत्य है। क्योंकि Y, B का या तो साला है या देवर है।

48. **सुधा की सास का इकलौता पुत्र रमेश है, रमेश सुधा का—**

(a) पति है

(b) पुत्र है

(c) पिता है

(d) ससुर है

**उत्तर (a)**

सुधा की सास का इकलौता पुत्र रमेश है अर्थात रमेश, सुधा का पति होगा।

**49. राहुल मेरे पिता की पोती का पति है, तो मैं राहुल का—**


(a) ससुर हूं

(b) सास हूं

(c) (a) या (b)

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (c)**




मेरे पिता की पोती अर्थात मेरी बेटी एवं मेरी बेटी का पति मेरा दामाद होगा एवं मैं, राहुल का ससुर या सास हूं। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**50. रमा मेरी मां के पुत्र की बीबी है। यदि मेरी मां के दो पुत्र हैं, तो मैं रमा का—**


(a) देवर हूं

(b) ननद हूं

(c) पति हूं

(d) आंकड़े पर्याप्त नहीं है

**उत्तर (d)**




मेरी मां के दो पुत्र हैं एवं रमा मेरी मां के पुत्र की बीबी है अर्थात रमा या तो मेरी पत्नी होगी या मेरे भाई की। अतः मैं रमा का या तो पति हूं या उसके पति का भाई। अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**51. मोहन की शादी राधा से हुई और मीरा की शादी राहुल से हुई। यदि मीरा मोहन की बहन है, तो राधा राहुल की—**


(a) भाभी है

(b) सास है

(c) बहू है

(d) भतीजी है

**उत्तर (a)**





चित्र से स्पष्ट है कि मीरा के भाई की पत्नी राधा, मीरा की भाभी हुई, इसलिए राधा राहुल की भी भाभी होगी।

**52. राहुल ने आनंद से कहा, 'कल, मैंने अपनी दादी की बेटी के इकलौते भाई को हराया था।' बताएं कि राहुल ने किसे हराया था?**

(a) पुत्र (b) पिता

(c) भाई (d) भतीजा

**उत्तर (b)**




चित्र से स्पष्ट है कि राहुल ने अपने पिता को हराया था।

**53. यदि कमल कहे कि, 'रवि की मां मेरी मां की इकलौती बेटी है,' तो बताएं कि कमल का रवि से क्या रिश्ता है?**


(a) पिता

(b) भाई

(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (d)**





चित्र से स्पष्ट है कि कमल की मां की इकलौती बेटी, कमल की बहन होगी एवं बहन का बेटा रवि उसका भांजा होगा एवं कमल, रवि का मामा होगा।

**54. एक लड़के ने एक लड़की को अपने चाचा के पिता के पुत्र की पुत्री के रूप में परिचित कराया। उस लड़की का लड़के से क्या रिश्ता है?**

(a) भतीजा (Nephew) (b) चचेरा (Cousin)

(c) बहन (Sister) (d) चाची (Aunt)

**उत्तर (c)**




इस प्रकार लड़की, लड़के की बहन है।

**55. एक न्यायाधीश का पुत्र वकील है एवं वकील का पिता डॉक्टर है। न्यायाधीश का वकील से क्या संबंध है?**


(a) बहन

(b) चाचा

(c) माता

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (c)**





चूंकि न्यायाधीश का पुत्र वकील है एवं वकील का पिता डॉक्टर है तब न्यायाधीश अवश्य ही वकील की माता होगी।

**56. वरुण कहता है, 'यह लड़की मेरी माता के पोते की पत्नी है।' वरुण उस लड़की का कौन है?**

(a) पिता (b) दादा

(c) पति (d) ससुर

**उत्तर (d)**





चित्र से स्पष्ट है कि वरुण लड़की का श्वसुर (ससुर) है।

**57. दीपक, रवि का भाई है। रीना, अतुल की बहन है। रवि, रीना का बेटा है। बताएं कि दीपक का रीना से क्या रिश्ता है?**

(a) बेटा (b) भाई

(c) भतीजा/भांजा (Nephew) (d) पिता

**उत्तर (a)**




चित्र से स्पष्ट है कि दीपक, रीना का बेटा है।

**58. आकाश ने मोहित से कहा, 'नीली कमीज वाला वह लड़का मेरे पिता की पत्नी की बेटी के दो भाईयों में छोटा है।' बताएं कि नीली कमीज वाले लड़के का आकाश से क्या रिश्ता है?**


(a) पिता

(b) चाचा (Uncle)

(c) भाई

(d) भतीजा (Nephew)

**उत्तर (c)**




चित्र से स्पष्ट है कि नीली कमीज वाला लड़का आकाश का छोटा भाई है।

**59. दीपक का भाई अनिल है। दीपक, प्रेम का बेटा है। बिमल, प्रेम का पिता है। रिश्तेदारी के संबंध में अनिल, बिमल का क्या लगता है?**


(a) बेटा

(b) पोता

(c) भाई

(d) दादा

**उत्तर (b)**




रिश्तेदारी के संबंध में अनिल, बिमल का पोता हुआ।

**60. कैदी से मिलने आने वाले एक लड़के का परिचय, कैदी ने कारापाल (जेलर) से कुछ इस प्रकार से करवाया, 'न तो मेरा कोई भाई है न ही कोई बहन है, यह लड़का मेरे पिता जी के पुत्र का पुत्र है।' बतलाइए वह लड़का कौन है?**

(a) चाचा
(b) पुत्र
(c) चचेरा भाई
(d) भतीजा


**उत्तर (b)**

∵ कैदी के कोई भाई या बहन नहीं है।
∴ कैदी के पिता के पुत्र का पुत्र अर्थात कैदी का पुत्र है।

**61. रघु और बाबू जुड़वां हैं। बाबू की बहन रीमा है। राजन, रीमा का पति है। रघु की मां लक्ष्मी है। राजेश, लक्ष्मी का पति है। राजेश का राजन से क्या संबंध है?**

(a) चचेरा भाई (b) ससुर
(c) चाचा (d) दामाद

**उत्तर (b)**





अतः स्पष्ट है कि राजेश का राजन से ससुर का रिश्ता है।

**62. दीपक ने नितिन से कहा, 'वह लड़का जो फुटबॉल खेल रहा है मेरे पिता की पत्नी के पुत्री के दो भाईयों में छोटा है।' फुटबॉल खेलने वाला लड़का किस प्रकार दीपक से संबंधित है?**

(a) पुत्र
(b) भाई
(c) चचेरा भाई
(d) साला

**उत्तर (b)**





चित्र से स्पष्ट है कि वह पुत्री दीपक की बहन होगी और बहन के दो भाई हैं अर्थात फुटबॉल खेल रहा लड़का भी दीपक का भाई होगा।

**63. अमित ने कहा 'यह लड़की मेरी मां के पोते की पत्नी है।' अमित का लड़की से क्या संबंध है?**

(a) भाई (b) दादा
(c) पति (d) ससुर

**उत्तर (d)**





∵ अमित की मां का पोता अर्थात अमित का पुत्र या अमित के भाई का पुत्र होगा।
∴ अमित के पुत्र या अमित के भाई के पुत्र की पत्नी से अमित का ससुर का रिश्ता है।

**64. राहुल का इकलौता पुत्र रमेश है, सीमा, रमेश की दादी है, सीमा का पति अंकुर है, तो अंकुर का राहुल से क्या संबंध है?**

(a) भतीजा/भांजा (b) चाचा
(c) दादा (d) पिता

**उत्तर (d)**

प्रश्नानुसार




चूंकि राहुल के पुत्र की दादी राहुल की मां होगी तथा उसका पति राहुल का पिता होगा। अतः चित्र से स्पष्ट है कि अंकुर का राहुल से पिता का संबंध है।

**65. सीमा, सुधीर की बहू और रमेश की भाभी है। मोहन सुधीर के बेटे और रमेश का इकलौता भाई है। सीमा मोहन की ..............है।**

(a) भाभी (b) बहन

(c) पत्नी (d) भतीजी

**उत्तर (c)**





∵ मोहन, रमेश का इकलौता भाई है तथा सीमा भाभी है। इसलिए सीमा, मोहन की पत्नी है।

**66. अरुण ने कहा, 'यह लड़की मेरे मां के पति की पत्नी है।' अरुण उस लड़की का कौन है?**

(a) पति (b) पुत्र

(c) पिता (d) दादा

**उत्तर (b)**




अतः स्पष्ट है कि लड़की, अरुण की मां हुई या अरुण, लड़की का पुत्र हुआ।

'यह लड़की मेरे मां के पति की पत्नी है।'

अर्थात यह लड़की अरुण के पिता की पत्नी है।

अर्थात यह लड़की अरुण की मां है।


अतः अरुण उस लड़की का पुत्र है।

**67. एक परिवार में, श्री प्रकाश की पत्नी और उनके दो विवाहित भाई हैं, जिनमें से एक के दो बच्चे हैं तथा दूसरा भाई निःसंतान है। परिवार में कितने सदस्य हैं?**

(a) 12 सदस्य (b) 10 सदस्य

(c) 8 सदस्य (d) 6 सदस्य

**उत्तर (c)**




चित्र से स्पष्ट है कि परिवार में कुल 8 सदस्य हैं।


**68. एक पार्टी में दादी, पिता, माता, चार पुत्र व उनकी पत्नियां तथा प्रत्येक पुत्र के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं, तो इनमें महिलाएं कितनी हैं?**

(a) 14 (b) 16

(c) 18 (d) 24

**उत्तर (a)**

प्रश्नानुसार




∴ महिलाओं की संख्या

= दादी (1) + माता (1) + पुत्र की पत्नी (4) + पुत्र की पुत्री (8)

= 1 + 1 + 4 + 8

= 14

**69. यदि 'P$Q' से अभिप्राय 'P, Q' का पिता है', 'P#Q' से अभिप्राय 'P, Q' की मां है', 'P*Q' से अभिप्राय 'P, Q' की बहन है', तो 'N#A$*D' में D का N से क्या रिश्ता है-**

(a) भतीजा (b) पोता

(c) पोती (d) आंकड़े अपर्याप्त है

**उत्तर (d)**

∵ N# A $* D

दिए गए प्रश्न में A तथा D के बीच दो प्रतीक चिह्न आ गए हैं जो कि संभव नहीं है। अतः आंकड़े अपर्याप्त हैं।